भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 12.12.2018

कुंभ में आईआईटी बीएचयू रखेगा गंगाजल पर नजर

वाराणसी | निज संवाददाता

आईआईटी बीएचयू के विशेषज्ञ इलाहाबाद में अगले माह से शुरू होने वाले अर्ध कुंभ में गंगा जल की निगरानी करेंगे। प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत आईआईटी बीएचयू को कुंभ मेले के दौरान उद्योगों से निकले अवजल के प्रदूषण की मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी दी है।

इसके तहत, कानपुर के 34 उद्योगों, 2 सीईटीपी और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाले अवजल और मलजल की तीन चरणों में मानीटरिंग व जांच की जाएगी। पहले चरण में 23 दिसंबर से 30 दिसंबर, दूसरे में 23 से 27 जनवरी और तीसरे चरण में 05 से 10 फरवरी के बीच आईआईटी बीएचयू की टीम जांच करेगी।

जांच टीम के प्रोजेक्ट इंचार्ज व केमिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पीके मिश्रा ने बताया कि इस संन्दर्भ में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव का पत्र प्राप्त हो गया है।